दैनिक भास्कर

गोहाना भास्कर 04-11-2023

विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर का मूल्यांकन करने के लिए करवाई लिखित परीक्षा

गोहाना । गोहाना ब्लॉक के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में शुक्रवार को राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा करवाई गई। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर का मूल्यांकन किया गया। बीईओ अनिल श्योराण ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में तीसरी कक्षा के लिए 60 मिनट, छठी कक्षा के लिए 75 मिनट और नौवीं कक्षा के लिए 90 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। परीक्षा ब्लॉक के 66 स्कूलों में हुई। परीक्षा में तीसरी कक्षा से 534, छठी कक्षा से 572 और नौवीं के 736 विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर बीपीएस महिला विवि से डॉ. अनु बलहारा, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. ज्योतिका, डॉ. सुमन रंगा, मनोज, गौरव कपूर आदि उपस्थित थे।

66 सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों की तीसरी, छठी, नौवीं कक्षा में किया सर्वेक्षण

गोहाना, 3 नवम्बर (रामनिवास धीमान): शुक्रवार को जींद रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में गोहाना ब्लॉक में राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा-2023 आयोजित की गई थी। इस परीक्षा को करवाने का विभाग का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक मूल्यांकन स्तर की जांच करना रहा। इस परीक्षा को आयोजित करने हेतु तीसरी कक्षा के लिए 60 मिनट, छठी कक्षा के लिए 75 मिनट और नौवीं कक्षा के लिए 90 मिनट दिए गए, जिसमें 66 सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा तीसरी के 534 विद्यार्थियों, कक्षा छठी के 572 विद्यार्थियों और कक्षा नौवीं के 736 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल श्योराण, खानपुर यूनिवर्सिटी से इस परीक्षा को आयोजित करवाने हेतु डॉ. अनु बलहारा (अध्यक्ष), डॉ. सुशील कुमार (संयोजक), डॉ. ज्योतिका (सदस्य), डॉ. सुमन रंगा (सदस्य), मनोज (सदस्य), खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से गौरव कपूर (लेखा कार्यकारी) का गोहाना ब्लॉक में राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा-2023 का समन्वय और कार्यान्वयन अनुकरणीय था। खानपुर यूनिवर्सिटी की शिक्षा संकाय की छात्राओं ने 100 प्रतिशत प्रयास करते हुए अपना सब काम समर्पित तरीके से किया। डॉ. अनु बलहारा ने कहा की यह उपलब्धि शिक्षा संकाय की छात्राओं के समर्पित प्रयासों से संभव हुई, जिन्होंने टीम की असाधारण देखरेख में लगन से कार्य किया तथा मौके पर शिक्षा संकाय की छात्राओं ने ईमानदारी के प्रयास करते हुए अपनी परीक्षा समर्पित तरीके से दी।

राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा देते हुए विद्यार्थी।


Gohana, Haryana, India
03/11/23 11:40 AM GMT +05:30



GPS
Jasrana, Haryana, India
Lat 28.958012°
03/11/23 11:38 AM GMT +05:30



Khanpur Kalan, Haryana, India


Rukhi Pana, Haryana


GPS Map
Gohana, Haryana, India
Lat 29.134939°
Long 76.689269°
03/11/23 11:31 AM GMT +05:30


Garhi Sarai Namdarkhan, Haryana, India


Barotha, Haryana, India
4P9Q+H9V, Barotha, Haryana 131301, India
03/11/23 11:31 AM GMT +05:30